# झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा
# सॉल्व्ड पेपर–I (I-V)-2016

## हिन्दी

**1. उत्कर्ष, उत्सव तथा उत्कृष्ट शब्दों में उपसर्ग है।**

(a) उप (b) अप
(c) उत् (d) अव

**2. नीलांबर' कौन समास है?**

(a) तत्पुरूष (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) बहुव्रीहि

**प्रश्न संख्या (3-4) के लिए निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

मनु नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है,
बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।
स्वर्ग से सम्राट को जाकर खबर कर दे
रोज ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं वे,
रोकिए, जैसे बने इन स्वप्नवालों को,
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं वे

**3. कवि के अनुसार किसकी जीभ में तेज धार होती है?**

(a) स्वप्न की
(b) विचारों की
(c) कल्पना की
(d) स्वर्ग की।

**4. किसके हाथ में तलवार होती है?**

(a) कल्पना के
(b) स्वप्नवालों के
(c) विचारों के
(d) स्वप्न के

**प्रश्न संख्या (5-8) के लिए निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

साहित्य को समाज का प्रतिबिम्ब माना गया है, अर्थात् समाज का पूर्ण रूप साहित्य में प्रतिबिम्बत होता रहता है। अनादि काल से साहित्य अपने इसी धर्म का पूर्ण निर्वाह करता चला आ रहा है। वह समाज के विभिन्न रूपों का चित्रण कर एक तरफ तो हमारे सामने समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है और दूसरी ओर अपनी प्रखर मेधा और स्वस्थ कल्पना द्वारा समाज के विभिन्न पहलुओं का विवेचन करता हुआ यह भी बताता है, कि मानव समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास के लिए कौन-सा मार्ग उपादेय है। एक आलोचक के शब्दों में- ''कवि वास्तव में समाज की व्यवस्था, वातावरण, धर्म-कर्म, रीति-नीति तथा सामाजिक शिष्टाचार या लोक व्यवहार से ही अपने काव्य के उपकरण चुनता है और उनका प्रतिपादन अपने आदेशों के अनुरूप करता है। साहित्यकार उसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें वह जन्म लेता है। वह अपनी समस्याओं को सुलझाव, अपने आदर्श की स्थापना अपने समाज के आदर्शों के अनुरूप ही करता है। जिस सामाजिक वातावरण में उसका जन्म होता है, उसी में उसका शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है। अत: यह कहना सर्वथा असम्भव और अविवेकपूर्ण है कि साहित्यकार समाज से पूर्णत: निरपेक्ष या तटस्थ रह कर साहित्य सृजन करता है। वाल्मीकि, तुलसी, सूर, भारतेन्दु, प्रेमचन्द आदि का साहित्य इस बात का सर्वाधिक सशक्त प्रमाण है, कि साहित्यकार समाज से घनिष्ठ रूप से सम्बंध रखता हुआ ही साहित्य सृजन करता है। समाज की अवहेलना करने वाला साहित्य क्षणजीवी होता है।

मानव का कला या साहित्य सृजन के प्रति उन्मुख होना उसके इन्द्रिय बोध का परिणाम रहा है। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि के इन्द्रियबोध मानव और पशु दोनों में ही विद्यमान हैं, परन्तु मानव में पशु की अपेक्षा अधिक मात्रा में। मानव में एक विशिष्ट गुण और, विवेक है। विवेक द्वारा उसने सामाजिक जीवन का विकास और अपने इन्द्रियबोध का परिष्कार किया है। समाज व्यवस्था बदलने के साथ मनुष्य का इन्द्रियबोध विचार और भावों की अपेक्षा स्थायी रहता है। भाव और विचार दोनों ही साहित्य के मूलाधार हैं और इनका उद्‌गम और परिष्कार सामाजिक परिवेश में ही सम्भव होता है, समाज से कटकर निरपेक्ष रहने पर नहीं।

**5. कवि का आदर्श होता है–**

(a) उसके समाज के आदर्श के अनुरूप
(b) उसके स्वयं के आदर्श के अनुरूप
(c) उसके परिवार के आदर्श के अनुरूप
(d) इनमें से सभी।

**6. साहित्य हमें क्या बताता है?**

(a) सामाजिक वर्चस्व करने के लिए क्या करना चाहिए।
(b) समाज-व्यवस्था को बदलते रहना चाहिए।
(c) मानव समाज की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास के लिए कौन-सा मार्ग उपादेय है।
(d) इनमें से सभी।

**7. साहित्यकार किस समाज का प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) जिस समाज में वह जन्म लेता है।
(b) जिस समाज के बारे में वह लिखना चाहता है।
(c) जिस समाज की वह अवहेलना करता है।
(d) इनमें से सभी।

**8. 'इन्द्रियबोध' में कौन-सा समास है?**

(a) अव्ययीभाव
(b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व
(d) कर्मधारय

**9. 'परमेश्वर' शब्द का संधि-विच्छेद है।**

(a) पर + मेश्वर
(b) परम + ईश्वर
(b) परम + एश्वर
(d) पर + ईश्वर

**10. 'उर्वर' शब्द का विपरीतार्थक है–**

(a) उर्वरा (b) ऊसर
(c) उपजाऊ (d) समृद्ध

**11. 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है–**

(a) राजीव (b) नीरज
(c) पंकज (d) वारिद

Prabhat Prakashan

**12. सबको समान दृष्टि से देखने वाले को कहते हैं।**
(a) दयालु (b) एकनयन
(c) समदर्शी (d) दूरदर्शी

**13. 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है**
(a) बाढ़ आ जाना
(b) शर्मिंदा होना
(c) लगातार वर्षा होना
(d) नल में हमेशा पानी आना।

**14. राजभाषा का तात्पर्य है–**
(a) देश की संस्कृतिक भाषा
(b) देश की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा
(c) सरकारी काम-काज की भाषा
(d) आदर्श एवं परिनिष्ठित भाषा।

**15. भाषा की प्रकृति के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) प्रत्येक भाषा की अपनी अलग से एक संरचना होती है।
(b) भाषा संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी होती है।
(c) भाषा सरलता से कठिनता की ओर जाती है।
(d) भाषा संश्लेषणात्मक से विश्लेषणात्मक की ओर जाती है।

## ENGLISH

**16. The feminine gender of the word 'sheep' is–**
(a) Mare
(b) Ewe
(c) Vixen
(d) Bitch

**17. The adjective form of the word 'occur' is–**
(a) occurring
(b) occurrence
(c) occurrent
(d) occurral

**18. Developing new rules and principles on the basis of given facts and information in memory level is called–**
(a) Assimilation (b) Generalisation
(c) Application (d) Association

**19. In a good communicator–**
(a) Healthy body should be must
(b) Should speak fluently
(c) Pleasant personality should be must
(d) clear and correct pronunciation should be must

**20. Learners display individual difference. So, a teacher should.**
(a) insist on uniform pace of learning
(b) enforce strict discipline
(c) provide a variety of learning experiences
(d) increase number of tests

**21. The opposite of the word 'seldom' is.**
(a) rarely (b) occasionally
(c) sometimes (d) often

**22. State the incident <u>in a nutshell.</u> The underlined phrase means.**
(a) brief (b) detailed
(c) as it is (d) pictorial

**23. I <u>shall have</u> finished the work by the late evening. The underlined words express.**
(a) past perfect tense
(b) present perfect tense
(c) future perfect tense
(d) present perfect continuous tense

**Direction for (Q. Nos. 24-26): Read the passage carefully and aswer the questions that follow.**

It is difficult to reconcile the ideas of different schools of thought on the question of education. Some people maintain that at school should concentrate on a narrow range of subjects, which will benefit them directly in their subsequent careers. Others contend that they should study a wide range of subjects, so that they have not only the specialised knowledge necessary for their chosen careers but also sound general knowledge about the world they will have to work and live in.

**24. 'Schools of thought' can be explained as.**
(a) groups of people whose job is to think
(b) groups of people who are schooled to think
(c) groups of people who study in a particular school thoughtfully
(d) groups of people having the same ideas but with different perception on a particular subject

**25. 'contend' in the passage means.**
(a) support (b) realise
(c) quarrel di (d) wish

**26. Pick out a word from the passage, that menas *to find a I way of dealing with two or more things.**
(a) Expert (b) concentrate
(c) Reconcile (d) Outlook

**27. Which one of the following is correct about development.**
(a) Development begins and ends at birth
(b) Sociocultural context Plays an inportant role in development
(c) Development is unidimensional
(d) Developmnet is iscrete

**28. If any student asks wrong questions in the class then your reaction will be.**
(a) threaten and ask to sit
(b) point out the mistakes by giving example
(c) correct the questions with other students
(d) tell the effect of wrong answer

**Direction for (Q.Nos. 29-30): Read the piece of poetry carefully and answer the questions that follow.**

Who has seen the wind?
Neither I nor you.
But when the leaves
Hang trembling
The wind is passing through
Who has seen the wind?
Neither you nor I

**29. Here 'trembling' means.**
(a) shaking (b) moving
(c) falling (d) flying

**30. 'Neither you nor I'- Here 'you' refers to.**
(a) the poet's friend
(b) the trees
(c) the passers-by
(d) the readers

## बाल विकास एवं शिक्षण शास्त्र

**31. समावेशी शिक्षा**
(a) कक्षाकक्ष में विविधता मनाती है।
(b) कड़ाई के साथ प्रवेश प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करती है ।
(c) तथ्यों के मतारोपण को समावेशित करती है।
(d) हाशिए के समूहों से शिक्षकों को समावेशित करती है।

**32. कक्षाकक्ष में ध्यान न देने वाले बच्चे से निपटने का निम्नलिखित में से कौन-सा मार्ग सर्वोत्कृष्ट है?**
(a) बच्चे को ध्यान पर केन्द्रित करने में समर्थ बनाने हेतु उसे काम करते वक्त खड़े रहने की अनुमति देना।
(b) बच्चे को बारंबार ब्रेक देना ताकि उसके ध्यान में ताजगी आए।
(c) कक्षा के सामने बारंबार किचकिच करना ताकि बच्चे समझें
(d) बच्चे को सर्वाधिक विमनस्कता- न्यून क्षेत्र में बैठने देना।

Prabhat Prakashan

**33. पिछड़े बच्चे हैं–**
(a) मंद शिक्षार्थी
(b) बुद्धि लब्धि 80-90
(c) कुसमायोजी व्यवहार वाले मानसिक तौर पर बीमार लोग
(d) इनमें से सभी।

**34. मानसिक विकास को प्रभावित करने वाला कारक है–**
(a) वंशानुगति
(b) पारिवारिक परिवेश।
(c) परिवार की सामाजिक स्थिति
(d) इनमें से सभी।

**35. कक्षाकक्ष में अनुशासन की समस्याओं से प्रत्यक्ष संबंध है–**
(a) बच्चे की आयु, अध्ययन में रुचि, शिक्षक का व्यक्तित्व से
(b) कक्षा में कौन-सा विषय पढ़ाया जा रहा है उससे
(c) कक्षा में बैठने की व्यवस्था से।
(d) उकताने वाले या पसंदीदा विषय से

**36. निम्नलिखित में से कौन-सा मूल्यांकन का लक्षण नहीं है?**
(a) व्यवहार के तीनों क्षेत्रों को समेटने वाली यह एक व्यापक प्रक्रिया है।
(b) पूर्व निश्चित उद्देश्यों की दिशा में जाने वाली यह एक व्यवस्थित प्रक्रिया है।
(c) यह कार्य के अंत में किया जाता है।
(d) शिक्षक एवं शिक्षार्थी की आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाली यह एक उद्देश्यपूर्ण गतिविधि है।

**37. किस श्रेणी कक्ष में वास्तविक दुनिया की समस्याओं से संबंधित जटिल परियोजनाओं पर काम करते हुए शिक्षक एवं छात्र एक दूसरे की विशेषज्ञता की आहरण करते हैं?**
(a) शिक्षक-केन्द्रित
(b) सामाजिक रचनात्मकवादी
(c) पारंपरिक
(d) रचनात्मकवादी।

**38. बच्चों का भाषा विकास निर्भर करता है**
(a) बेहतर सामाजिक-आर्थिक परिवेश पर
(b) बेहतर विद्यालयी शिक्षा पर
(c) बच्चे को दी गयी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर
(d) इनमें से सभी।

**39. एक 11वर्षीय बालक स्टैन्फोर्ड-बिने बुद्धि मापनी में 130 अंक हासिल करता है। सामान्य प्रायिकता वक्र में $\mu$ = $\sigma$ 100 और =15 मान ले तो 11 साल के बच्चे का प्रतिशत गणना कीजिए। इस बच्चे ने प्राप्त किया।**
(a) 78% से भी बेहतर
(b) 80% से भी बेहतर
(c) 98% से भी बेहतर
(d) 88% से भी बेहतर

**40. मौजूदा स्थिति में शिक्षा का सही रूप है**
(a) सहशिक्षा
(b) तकनीकी शिक्षा
(c) नैतिक एवं आदर्श शिक्षा
(d) इनमें से सभी।

**41. जेम्स-लैंग नियम के अनुसार हमारा संवेगात्मक अनुभव निर्भर करता है?**
(a) विश्व के प्रत्यक्षण पर।
(b) अन्य संवेगात्मक अनुभवों में प्रत्यक्षण पर
(c) हमारे शारीरिक लक्षणों के प्रत्यक्षण पर
(d) इनमें से कोई नहीं

**42. शिक्षिका अपने प्रश्नों के उत्तर स्वयं कभी नहीं देती। वह अपने छात्रों को उत्तर सुझाने के लिए उत्साहित करती है, समूह चर्चा करवाती है और तत्वावधान शिक्षण अपनाती है। यह उपागम किस सिद्धांत पर आधारित है?**
(a) अनुदेशीय सामग्री का यथोचित संगठन
(b) उत्तम उदाहरण स्थापित करना तथा रोल मॉडल बनना
(c) सीखने के लिए तैयारी
(d) सक्रिय भागीदारी।

**43. अधिगम का संवर्धन हो सकता है यदि**
(a) कक्षा में दुनिया की वास्तव परिस्थिति से अवगत कराया जाए जिससे विद्यार्थियों की मनःस्थिति एक दूसरे तथा शिक्षक के प्रति हो
(b) कक्षा में अधिक शिक्षण यंत्रों का उपयोग हो
(c) शिक्षक विभिन्न तरह व्याख्यान तथा स्पष्टीकरण दे
(d) कक्षा में आवधिक जाँच में उचित आकर्षण

**44. आपके अनुसार, शिक्षक का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत क्या है?**
(a) विषय वस्तु
(b) शिक्षण पद्धति
(c) छात्र और शिक्षक के बीच संबंध
(d) विद्यालय के फर्नीचर

**45. सभी व्यक्तियों के लिए मार्ग निर्देशन और परामर्श है–**
(a) समाज और विद्यालय में सही समायोजन के लिए
(b) अधिगम के बाधकों को दूर करने के लिए
(c) मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए
(d) इनमें से सभी

**46. अधिगम का अर्थ क्या है?**
(a) कक्षा में प्रथम आना
(b) विद्वान बनना
(c) अनुभव द्वारा व्यवहार में बदलाव लाना
(d) काम करने के लिए सक्रिय होना

**47. सीखना एक प्रक्रिया है जिसमें–**
(a) एक सीखे हुए व्यक्ति सीखना बंद कर देता है।
(b) सीखना सारा जीवन चलता रहता है।
(c) बच्चे ज्यादा से ज्यादा सीखते रहते हैं।
(a) बच्चे शिक्षक के देख-रेख में ज्यादा से ज्यादा सीखते हैं।

**48. शिक्षा में अनुशासन कैसे सहायता करता है?**
(a) इससे कक्षा आसानी से नियंत्रित की जा सकती है।
(b) इसके द्वारा व्यवहार में सादृश्य बराबर देखे जा सकते हैं।
(c) नियमों के पालन करने से सुसंस्कृत जीवन शुरू किया जा सकता है।
(d) आंतरिक गुण संतुलित रूप में विकसित किए जा सकते हैं।

**49. बाल विकास का अर्थ क्या है?**
(a) बच्चों की लंबाई, चौड़ाई और मोटापे में विकास
(b) मानसिक और बौद्धिक सामर्थ्य का विकास
(c) बच्चे का संपूर्ण विकास
(d) बच्चे का विकास

**50. निम्नलिखित में से कौन अधिगम की प्रक्रिया का लक्षण न हो सकता?**
(a) शैक्षिक संस्थान केवल शिक्षा देने का स्थान है।
(b) अधिगम व्यापक प्रक्रिया है।
(c) अधिगम लक्ष्य-केन्द्रित है।
(d) नहीं पढ़ना भी एक अधिगम प्रक्रिया है।

**51. मनो-विश्लेषणात्मक सिद्धांत के अनुसार, विसामान्य व्यवहार का कारण है–**
(a) किसी में अचेतन मन का सक्रिय होना
(b) व्यक्ति की दबी हुई आकांक्षाएं
(c) इनमें से दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**52. सृजनात्मक व्यक्ति में होती है–**
(a) तात्कालिक स्थिति से परे जाने की योग्यता
(b) समस्या की व्याख्या की साधारण क्षमता
(c) दूसरे के विचारों को यथारूप में मानने की प्रवृत्ति
(d) इनमें से सभी

Prabhat Prakashan

**53. शिक्षण सिद्धांत प्रदान करते हैं–**
(a) पूर्वानुमान का ज्ञान और परतंत्र विचारों पर स्वतंत्र विचारों के। प्रभावों के अध्ययन द्वारा शिक्षकों के सिद्धांत
(b) शिक्षण के विभिन्न स्तरों के बारे में ज्ञान एवं शिक्षण संगामी के माडल
(c) शिक्षण समस्याओं की खोज कैसे करें तथा उनका समाधान कैसे हो, इसका ज्ञान
(d) इनमें से सभी

**54. अंतदृष्टिमूलक अधिगम है–**
(a) लक्ष्य आधारित अधिगम
(b) व्यवहार के परिमाणन का विरोध
(c) (a) और (b) दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**55. निम्नलिखित में से किस पहलू पर सभी शिक्षण सिद्धांतों में सर्वाधिक महत्व दिया जाता है?**
(a) कक्षाकक्ष अंतर्क्रिया
(b) विषयवस्तु का प्रस्तुतिकरण
(c) परिवेश की प्रस्तुति
(d) ज्ञान की पूछताछ

**56. सृजनात्मकता की पहचान होती है–**
(a) पुराने व्यवहार से
(b) चित्रकला से
(c) संगीत से
(d) नये परिणाम से

**57. किस संदर्भ में बच्चे के विकास में लिंग भेदभाव पाया जाता–**
(a) जाति (b) आयु
(c) सामाजिक स्तर (d) इनमें से सभी

**58. ब्लूम का वर्गीकरण सिद्धांत अधिक्रमित संगठन है–**
(a) उपलब्धि लक्ष्यों का
(b) पाठ्यचर्या घोषणाओं का
(c) पठन कौशलों का
(d) संज्ञानात्मक उद्देश्यों का

**59. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बच्चे के विकास में परिवेश की भूमिका का समर्थन करता है?**
(a) कुछ छात्र शीघ्रतापूर्वक सूचना प्रक्रम करते हैं जबकि उसी कक्षा के अन्य नहीं कर पाते हैं।
(b) पिछले कुछ दशकों में बुद्धि-लब्धि परीक्षणों में छात्रों के औसत परिणामों में तेजी से वृद्धि हुई है।
(c) विभिन्न घरों के तदनुरूप जुड़वाँ बच्चों की बुद्धि-लब्धियों के बीच सहसंबंध 0.75 जैसा ऊँचा है।
(d) शारीरिक रूप से स्वस्थ बच्चे अक्सर नैतिकता की दृष्टि उत्तम होते हैं।

**60. शिक्षिका दो समरूप ग्लासों में समान मात्रा में फलों का रस भरकर प्रदर्शित करती हैं। वे दो भिन्न ग्लासों में डालकर उन्हें खाली करती हैं जिनमें से एक लंबा है और दूसरा चौड़ा। वह कक्षा में पूछती हैं, कि किस ग्लास में ज्यादा रस है, उसे चिहिन्त करें। छात्र जवाब देते हैं कि लंबे वाले ग्लास में ज्यादा रस है। उसके छात्रों को बताने में सुविधा है–**
(a) समायोजित करने में
(b) अहं केन्द्रिकता में
(c) विकेंद्रीकरण में
(d) अदला-बदली में


## गणित

**61. 7386038 विभाज्य है–**
(a) 3 द्वारा (b) 4 द्वारा
(c) 9 द्वारा (d) 11 द्वारा

**62. दो संख्याओं का गुणनफल $\frac{5}{4}$ है। यदि एक संख्या $\frac{5}{6}$ है, तो दूसरी संख्या क्या है?**
(a) 2 (b) $\frac{1}{2}$
(c) $\frac{3}{2}$ (d) $\frac{2}{3}$

**63. निम्न में से कौन एक 3-D आकृति नहीं है?**
(a) पर्वत (b) रोटी
(c) कमरा (d) पतंग

**64. l तथा m रेखाएँ O बिन्दु पर प्रतिच्छेद करती हैं एवं चित्र जैसा कोण बनाती हैं। यदि $x = 45°$, तो, $y$, $z$ तथा u के क्रमशः मान हैं–**





(a) 45°, 135°, 135°
(b) 135°, 135°, 45°
(c) 135°, 45°, 135°
(d) 115°, 45°, 115°

**65. समकोण त्रिभुज ABC की BC तथा AC भुजाओं की लम्बाई क्रमशः 3 सेमी तथा 4 सेमी हैं। कर्ण की लम्बाई होगी।**
(a) 5 सेमी (b) 6 सेमी
(c) 14 सेमी (d) 100 सेमी

**66. 3 अंको की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्याओं का योगफल है–**
(a) 1099 (b) 1100
(c) 1999 (d) 1090

**67. सभी आकृतियों के छायांकित भागों का योगफल निकालिये–**



(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) $3\frac{1}{2}$

**68. यदि $\frac{a}{b} = \frac{1}{2}$, तो $\frac{a+b}{a-b}$ बराबर है–**
(a) –3 (b) $\frac{1}{2}$
(c) 2 (d) $\frac{10}{7}$


**69. यदि एक व्यक्ति 11 अमरूद 1 रूपया में खरीदता है तथा 100 अमरूद ₹ 11 में बेचता है, तो उसका लाभ या हानि प्रतिशत होगा।**
(a) लाभ 20% (b) हानि 20%
(c) लाभ 21% (d) हानि 21%

**70. चित्र में ∠AOC तथा ∠BOC एक रैखिक युग्म बनाता है। $x$ का मान है–**
(a) 15° (b) 40°
(c) 25° (d) 30°

**71. गणित विज्ञान है–**
(a) अंतरिक्ष का (c) संख्याओं का
(c) गणना का (d) इनमें से सभी

**72. जानवरों के एक झुंड में, 530 मांसाहारी तथा 3590 के आधा शाकाहारी और 95950 मांसाहारी तथा शाकाहारी दोनों हैं। सभी प्रकार के जानवरों की कुल संख्या है–**
(a) 100070 (b) 10070
(c) 100007 (d) इनमें से कोई नहीं

**73. चित्र में OP, ∠BOC को तथा OQ ∠AOC को समद्विभाजित करते हैं, तो ∠POQ है–**




Prabhat Prakashan

(a) 90° (b) 75°
(c) 105 (d) 80°

**74. प्रदत्त संख्याओं के समुच्चय को बहुलक निकालिये–**
**1, 1, 2, 4, 3, 2, 1, 2, 2, 4**
(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 5

**75. निम्न में कौन-सा सही है?**
(a) 1000 की परवर्ती संख्या की पूर्ववर्ती संख्या 1000 है।
(b) 1000 की पूर्ववर्ती की पूर्ववर्ती संख्या 999 है।
(c) 1000 की पूर्ववर्ती की परवर्ती संख्या 1001
(d) 1000 की पूर्ववर्ती की परवर्ती संख्या 1002 है।

**76. साइकिल की एक पहिये की परिधि 2 मी. 4 सेमी. है। 16.83 किमी की दूरी जाने में यह साइकिल कितने बार चक्कर काटेगी?**
(a) 8000 (b) 8150
(c) 8200 (d) 8250

**77. यदि किसी वस्तु को एक स्थिर मूल्य के $\frac{2}{3}$ में बेचा जाता है, उसकी हानि 20% होती है। उसी स्थिर मूल्य में बेचने पर लाभ प्रतिशत होगा–**
(a) 10% (b) 15%
(c) 20% (d) 25%

**78. यदि 1 घन सेमी जल का वजन 1 ग्राम है तो 3.5 किलो लीटर जल का वजन किलोग्राम में कितना होगा?**
(a) 35 किग्रा (b) 350 ग्राम
(c) 3500 ग्राम (d) 3500 किग्रा

**79. यदि 50 व्यक्ति प्रतिदिन 8 घंटे काम कर किसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो 16 दिनों में प्रतिदिन कितने घंटे काम करने पर उसी काम का दुगुना काम 60 व्यक्ति कर सकेंगे?**
(a) 8 घंटे (b) 10 घंटे
(c) 12 घंटे (d) 6 घंटे

**80. सूक्ष्म शिक्षण चक्र का प्रथम चरण है**
(a) कौशल का प्रदर्शन
(b) सूक्ष्म पाठ योजना
(c) विशिष्ट कौशल को परिभाषित करना
(d) इनमें से कोई नहीं।

**81. एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लम्बाई 8 सेमी तथा 6 सेमी हैं। उसका परिमाप निकालिये–**
(a) 24 सेमी (b) 28 सेमी
(c) 18 सेमी (d) 20 सेमी

**82. अभी समय 2 : 17 अपराहन है, तो अभी से 11 घंटे 59 मिनट बाद समय क्या होगा?**
(a) 2:17 प्रात: (b) 11 : 57 प्रात:
(c) 9:59 प्रात: (d) 2 : 16 प्रात:

**83. यदि 1 मी = 3.29 फीट, तो अनिल द्वारा 9 घंटे 46 मिनट 40 सेकेंड में तय की गयी दूरी कितनी होगी, यदि वह 9 किमी/घंटा की चाल से चल रहा है?**
(a) 36 मील (b) $\frac{28952}{528}$ मील
(c) 37 मील (d) $37\frac{4}{9}$ मील

**84. रवि की वर्तमान उम्र 18 साल, उसका बड़े भाई उससे 5 साल बड़ा है। 15 साल पहले उसके बड़े भाई की उम्र और रवि की वर्तमान उम्र में क्या अंतर है?**
(a) 5 साल (b) 12 साल
(c) 10 साल (d) 15 साल

**85. ब्लू प्रिंट तैयार किया जाता है–**
(a) शिक्षण के लिए
(b) शिक्षण योजना के लिए
(c) प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए
(d) शिक्षण साधन तैयार करने के लिए।

**86. हरि प्रतिदिन 70 मी त्रिज्या के वृत्ताकार मार्ग को 4 चक्कर लगाता है। वह प्रतिदिन कितने किलोमीटर चलता है?**
(a) 1 किमी (b) 1.5 किमी
(c) 1.76 किमी (d) 1.95 किमी

**87. तीन साल बाद अरूण अपनी 3 साल पहले की आयु का तिगुना हो जाएगा। अरूण की वर्तमान आयु है–**
(a) 7 वर्ष (b) 6 वर्ष
(c) 15 वर्ष (d) 18 वर्ष

**88. यदि एक गाड़ी 50 मील/घंटा की चाल से चल रही है तो 6 घंटे में उस गाड़ी द्वारा तय की गई दूरी किलोमीटर में है।**
(a) 498 किमी (b) 438 किमी
(c) 489 किमी (d) 483 किमी

**89. दो वर्गो का परिमाप 12 सेमी तथा 24 सेमी है। बड़े वर्ग को क्षेत्रफल छोटे वर्ग का कितना गुना है?**
(a) 2 गुना (b) 3 गुना
(c) 4 गुना (d) 5 गुना

**90. रचनात्मक मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए क्या होना चाहिए?**
(a) वस्तुनिष्ठता (b) विश्वसनीयता
(c) प्रासंगिकता (d) इनमें से सभी

## पर्यावरण अध्ययन

**91. स्थानिक स्पीशीज हैं–**
(a) विशिष्ट आश्रयवाले स्पीशीज
(b) आश्रय नहीं रहने वाले स्पीशीज
(c) मंगल पर रहने वाले स्पीशीज
(d) इनमें से कोई नहीं

**92. अंतरिक्ष में सबसे लम्बा समय रहने का रिकार्ड किस महिला का है?**
(a) अनिता थापर (b) सोनिया गाँधी
(c) सुनीता विलियम्स (d) मेधा पाटकर

**93. जल का शुद्धीकरण ...... रासायनिक कारक से हो सकता है–**
(a) हाइड्रोजन
(b) पारा
(c) अम्ल
(d) पोटैशियम परमैंगनेट


**94. काँची नदी से कौन-सा जलप्रपात बनता है?**
(a) हुंडरू फॉल्स (b) जोन्हा फॉल्स
(c) दशम फॉल्स (d) इनमें से कोई नहीं

**95. एवरेस्ट पर पहुँचने वाली भारत की पहली महिला कौन है?**
(a) बछेन्द्री पाल
(b) प्रेमलता अग्रवाल
(c) लिडिया ब्राडि
(d) फान्टग

**96. 'सर' का क्या आशय है?**
(a) झील (b) नदी
(c) पर्वत (d) देवता

**97. निम्न में से कौन कारक पौधों तथा जन्तुओं के वितरण को प्रभावित नहीं करता है?**
(a) मिट्टी (b) उच्चावच
(c) पारिस्थितिक तंत्र (d) अपवाह

**98. चित्र का अध्ययन करें। 'Y' कौन सा पौधा है?**




(a) फल (b) शाक
(c) नारियल (d) इनमें से कोई नहीं

Prabhat Prakashan

**99. संबंधों के बारे में निम्न कथन का अध्ययन करें :**
**(i) 'A' का दामाद 'B' है तथा 'B' की बहन 'C', 'A' की पत्नी 'C' है**
**(ii) पत्नी का भाई साला कहलाता है**
**(iii) 'D' की पुत्री 'E' तथा 'E' का पिता 'F' तथा 'D' पति-पत्नी हैं।**
**(iv) 'A' का पिता 'B' तथा 'B' का पुत्र 'C', 'A' का भाई 'C' है। रिश्तों के बारे में कौन सही है?**
(a) I, II तथा III
(b) I तथा III
(c) II, III तथा IV
(d) इनमें से कोई नहीं

**100. बेतला राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में स्थित है?**
(a) जमशेदपुर (b) चाईबासा
(c) पलामू (d) राँची

**101. निम्न में से कौन अनौपचारिक अध्ययन का दृष्टांत है?**
(a) पत्राचार पाठों द्वारा बच्चों का सीखना
(b) अपने कला शिक्षक से बच्चों का चित्रकारी सीखना
(c) अपने माता-पिता से बच्चों का खाना बनाना सीखना
(d) अपने दोस्तों से बच्चों का नये खेल सीखना।

**102. नीचे कुछ मानव क्रियाकलाप दिये गये हैं।**
**I. खदानों को खोदना**
**I. बाँध बनाना**
**II. बाजार में बेचने के लिए पत्तियों तथा झाड़ियों का संग्रहण**
**IV. बाँस द्वारा टोकरियाँ बनाना**
**V. गिरे हुए पत्तों से प्लेट बनाना।**
**वनों के लोप होने के लिए क्रियाकलाप उत्तरदायी है/हैं।**
(a) II, III, IV तथा V
(b) केवल I
(c) I तथा II
(d) I, II तथा III

**103. विद्यालय आधारित मूल्यांकन प्राथमिकतः किस सिद्धांत पर आधारित है?**
(a) शिक्षक अपने विद्यार्थी की क्षमता को बाह्य परीक्षक से अच्छा जानता है।
(b) विद्यार्थी को हर हाल में ऊँचा ग्रेड लाना चाहिए
(c) विद्यालय बाह्य परीक्षा के निकायों से अधिक दक्ष होते हैं।
(d) मूल्यांकन बहुत लाभदायक होना चाहिए।

**104. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने का उद्देश्य निरूपित करता है?**
(a) विद्यालयों में बच्चों के अनुभवों को बाहरी दुनिया से जोड़ना
(b) बच्चों को तकनीकी शब्दावली और परिभाषाओं से परिचित कराना।
(c) पर्यावरण अध्ययन से सम्बन्धित तकनीकी शब्दों का आकलन
(d) अपने ज्ञान का विस्तार करने के लिए बच्चों को सूचना देना कि उन्हें कौन-सी पुस्तकें पढ़ती चाहिए।

**105. वन्य पारिस्थितिकी तंत्र में ऊर्जा का पिरामिड होता है–**
(a) हमेशा उल्टा
(b) हमेशा सीधा
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) पहले सीधा फिर उल्टा

**106. दाँतों एवं अस्थियों को मजबूत रखने में आवश्यक क्या है?**
(a) मैग्नीशियम (b) कैल्शियम
(c) रेडियम (d) इनमें से कोई नहीं

**107. वसा एवं कार्बोहाइड्रेट की कमी का कारण है।**
(a) रिकेट्स
(b) ओस्टियोपोरोसिस
(c) मरास्मस
(d) इनमें से कोई नहीं

**108. कौन-सा तत्व सभी प्रोटीनों में उपस्थित होता है?**
**I. कार्बन II. हाइड्रोजन**
**III. ऑक्सीजन IV. नाइट्रोजन**
(a) II तथा III (b) I, II तथा IV
(c) I, III तथा IV (d) इनमें से सभी

**109. भोजन के विटामिन अथवा खनिज मात्रा की तुलना में इसका पोषक योगदान में कुल कैलोरी है।**
(a) प्राकृतिक घनत्व (b) कैलोरी घनत्व
(c) पोषक घनत्व (d) भौतिक घनत्व

**110. जल में गैस का संतृप्ति स्तर निर्भर करता है।**
(a) ताप पर
(b) उस गैस के वायुमंडलीय सांद्रण पर
(c) जल में आपेक्षिक विलेयता
(d) इनमें से सभी

**111. संतुलित प्रश्न पत्र तैयार करने का सही चरण क्या है?**
(a) डिजाइन तैयार करना, ब्लूप्रिंट तैयार करना, प्रश्नों को लिखना तथा संपादित करना, अंक योजना लिखना
(b) डिजाइन तैयार करना, प्रश्न लिखना, अंक योजना तैयार करना, ब्लू प्रिंट से मेल करना।
(c) प्रश्न लिखना तथा संपादन करना, ब्लू प्रिंट से मेल करना, अंक योजना लिखना।
(d) प्रश्न लिखना, ब्लू प्रिंट तैयार करना, डिजाइन से मेल करना, अंक योजना लिखना।

**112. "मानवः भूगोल प्राथमिक मानव पारिस्थितिकी तथा मानव समाज का अध्ययन प्रत्येक की पृष्ठभूमि है।" यह कथन दिया गया है–**
(a) रैटजेल द्वारा
(b) ह्वाइट एवं रैनर द्वारा
(c) जाँ बुन्स द्वारा
(d) विडल डे-ला ब्लाश द्वारा

**113. विद्यार्थियों के क्रियाकलाप प्रभावकारी होंगे यदि–**
(a) शिक्षक नहीं जानता कि वह क्यों ऐसा करता है।
(b) शिक्षक उसकी पाठ-योजना को पूरा करने के लिए कहे
(c) शिक्षक क्रियाकलाप आधारित शिक्षण के लिए प्रिंसिपल के ' निर्देश का पालन करने का भाव दिखाता है।
(d) वह विद्यार्थी को धारणा को समझाने के लिए क्रियाकलाप आधारित शिक्षा में विश्वास करता है।

**114. किसी EVS कक्षा में संकल्पना का वर्णन करने के लिए कविता तथा कहानी सुनाना मदद करता है–**
(a) पाठ आनन्दित तथा रूचिकर बनाने में
(b) स्थानिक एवं भूमंडलीय स्तर पर विश्व की प्रकृति की कल्पना तथा खोज की क्षमता को प्रोन्नत करने में
(c) शिक्षार्थियों के बीच भाषा तथा सांस्कृतिक विभिन्नता का ध्यान रखने में
(d) विद्यार्थियों को सही दिशा में उत्साहित एवं प्राक्कल्पित करने में

**115. रचनात्मक मूल्यांकन के लिए निम्न में से कौन उपयुक्त साधन नहीं है?**
(a) दत्त कार्य
(b) मौखिक प्रश्न

Prabhat Prakashan

(c) आवधिक जांच

(d) कूट प्रश्न एवं खेल

**116. अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में जाते समय गुरूत्व का अनुभव क्यों नहीं होता है?**

(a) क्योंकि वहाँ पर वायुमंडल नहीं है।

(b) क्योंकि वे वहाँ आनन्द महसूस करते हैं।

(c) क्योंकि पायलट ऐसा करने का निर्देश देता है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

**117. झारखण्ड की प्रमुख नदियों में से एक है–**

(a) कोसी (b) स्वर्णरेखा

(c) महानदी (d) तिस्ता

**118. साधारणतया बंगाल की खाड़ी का उष्ण कटिबंधीय चक्रवात कहलाता है–**

(a) टायफून

(b) हरिकेन

(c) डिप्रेशन (निम्नदाब)

(d) टॉरनेडो

**119. नॉकरेक बायो रिजर्व कहाँ स्थित है?**

(a) उत्तर प्रदेश

(b) मेघालय

(c) अण्डमान एवं निकोबार

(d) केरल

**120. अल्फा विभिन्नता दर्शाता है–**

(a) स्पीशीज प्रचुरता

(b) स्पीशीज एकरूपता

(c) (a) तथा (b) दोनों

(d) स्पीशीज प्रचुरता एवं प्रभाविता

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (d) | **3.** (c) | **4.** (d) | **5.** (a) | **6.** (c) | **7.** (a) | **8.** (b) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (d) | **12.** (c) | **13.** b) | **14.** (c) | **15.** (c) | **16.** (b) | **17.** (c) | **18.** (b) | **19.** (d) | **20.** (c) |
| **21.** (d) | **22.** (a) | **23.** (c) | **24.** (d) | **25.** (a) | **26.** (c) | **27.** (b) | **28.** (d) | **29.** (a) | **30.** (d) |
| **31.** (a) | **32.** (d) | **33.** (d) | **34.** (d) | **35.** (d) | **36.** (c) | **37.** (b) | **38.** (d) | **39.** (c) | **40.** (d) |
| **41.** (c) | **42.** (d) | **43.** (a) | **44.** (c) | **45.** (d) | **46.** (c) | **47.** (b) | **48.** (d) | **49.** (c) | **50.** (a) |
| **51.** (b) | **52.** (a) | **53.** (d) | **54.** (c) | **55.** (a) | **56.** (d) | **57.** (d) | **58.** (d) | **59.** (b) | **60.** (c) |
| **61.** (d) | **62.** (c) | **63.** (d) | **64.** (c) | **65.** (a) | **66.** (a) | **67.** (c) | **68.** (a) | **69.** (c) | **70.** (d) |
| **71.** (d) | **72.** (d) | **73.** (a) | **74**. (b) | **75.** (a) | **76.** (d) | **77.** (c) | **78.** (d) | **79.** (b) | **80.** (c) |
| **84.** (d) | **82.** (d) | **83.** (b) | **84.** (c) | **85.** (c) | **86.** (c) | **87.** (b) | **88.** (d) | **89.** (c) | **90.** (d) |
| **91.** (a) | **92.** (c) | **93.** (d) | **94.** (c) | **95.** (a) | **96.** (a) | **97.** (c) | **98.** (b) | **99.** (c) | **100.** (c) |
| **101.** (a) | **102.** (c) | **103.** (a) | **104.** (a) | **105.** (b) | **106.** (b) | **107.** (c) | **108.** (d) | **109.** (c) | **110.** (d) |
| **111.** (a) | **112.** (a) | **113.** (d) | **114.** (b) | **115.** (c) | **116.** (a) | **117.** (b) | **118.** (c) | **119.** (b) | **120.** (a) |

❑❑❑

Prab